भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 01 | बिजौलिया - शुक्रवार, 24 जुलाई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं के समर्थन में बोले गहलोतः कहा- सत्याग्रह की परंपरा निभा रहा है देश का युवा

### लाठीचार्ज, आंसू गैस और बारिश के बावजूद शांतिपूर्ण आंदोलन की सराहना, सरकार पर साधा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं के समर्थन में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबी टिप्पणी करते हुए उनके धैर्य, अनुशासन और लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे आंदोलन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर बैठे युवाओं ने पूरे देश को यह दिखाया है कि लोकतंत्र में असहमति किस तरह शांति और मर्यादा के साथ व्यक्त की जाती है।

गहलोत ने अपने पोस्ट में लिखा कि प्रदर्शनकारी युवाओं ने लाठीचार्ज सहा, आंसू गैस झेली और बारिश में रातें गुजारीं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने शांति और अनुशासन का दामन नहीं छोड़ा। उनके अनुसार, यही महात्मा गांधी के सत्याग्रह की सच्ची परंपरा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने आंदोलन में शामिल कई युवा प्रतिभागियों के इंटरव्यू देखे हैं। इन युवाओं ने जिस तथ्यात्मक जानकारी, विषय की गहरी समझ और मर्यादित भाषा के साथ अपनी बात रखी है, वह पूरे देश के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि ये युवा अराजकता नहीं फैला रहे हैं, बल्कि अपने भविष्य की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। गहलोत ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि राहुल गांधी वर्षों से संसद से लेकर सड़क तक युवाओं और छात्रों के मुद्दे उठाते रहे हैं और आज देश का युवा उसी सच्चाई को दोहरा रहा है।



अपने संदेश के अंत में गहलोत ने आंदोलनकारी युवाओं के धैर्य और साहस को सलाम करते हुए केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो सरकार अपने ही बच्चों की आवाज लाठियों के बल पर दबाने का प्रयास करती है, इतिहास गवाह है कि ऐसे अहंकारी सत्ताधीशों को जनता कभी माफ नहीं करती।

## भीलवाड़ा में एसीबी का बड़ा ट्रैपः सरकारी कॉलेज का संस्थापन अधिकारी 40 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

भीलवाड़ा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसीबी द्वितीय की टीम ने माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के संस्थापन अधिकारी शिव नुवाल को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर आरोप है कि उसने एक निजी फर्म का ठेका निरस्त नहीं करने और उसे सुचारू रूप से जारी रखने के बदले 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी द्वितीय ने जाल बिछाया और सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के सामने आरोपी को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

पुलिस उपाधीक्षक नरपत सिंह ने बताया कि परिवादी ने एसीबी चौकी में शिकायत दी थी कि उसकी निजी फर्म का माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में मानव संसाधन, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य सेवाओं



का अनुबंध है। फर्म के करीब 7 लाख 76 हजार रुपये के दो माह के बिल पास होने के बाद संस्थापन अधिकारी शिव नुवाल ने कमीशन के रूप में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। बाद में 40 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। शिकायत का सत्यापन करने के बाद एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के सामने आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। अब एसीबी मामले में आगे की पूछताछ और कार्रवाई कर रही है।

## त्योहारों से पहले शाहपुरा पुलिस का सख्त संदेश, नशा तस्करों व अपराधियों पर होगी कड़ी कार्रवाई





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी**

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए शाहपुरा पुलिस ने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार शाम थाना परिसर में आयोजित सीएलजी (कम्युनिटी लायजन ग्रुप) बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजूम कायल ने कहा कि नशा तस्करों, अवैध कारोबारियों, असामाजिक तत्वों और पुलिस की गतिविधियों की मुखबिरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में वाहन गश्त के साथ पैदल मार्च भी बढ़ाया जाएगा।

बैठक में पुलिस उपाधीक्षक ओपी विश्नोई, थाना प्रभारी सीआई लीलाधर मालवीय, एसआई बालकिशन शर्मा, सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। एएसपी कायल ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजन से नशा तस्करी, अवैध गतिविधियों और संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। साथ ही पुलिस की कार्रवाई या वाहनों की लोकेशन अपराधियों तक पहुंचाने वालों पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। बैठक में साइबर अपराधों पर भी चर्चा हुई और लोगों से फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक तथा ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की अपील की गई।

थाना प्रभारी सीआई लीलाधर मालवीय ने कहा कि शहर की शांति और सुरक्षा बनाए रखना पुलिस और आमजन की साझा जिम्मेदारी है। बैठक में आगामी धार्मिक आयोजनों, जुलूसों और त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं आपसी समन्वय पर भी चर्चा हुई। साथ ही शहर की विभिन्न समस्याओं पर एएसपी ने संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।

## लोकसभा में गूंजी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आवाज, सांसद दामोदर अग्रवाल ने मानदेय बढ़ाने की उठाई मांग

### नियम 377 के तहत सरकार का ध्यान खींचा, मानदेय में वृद्धि, नियमितीकरण और सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सांसद दामोदर अग्रवाल ने गुरुवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत देशभर में कार्यरत लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय और सुविधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से मानदेय में बढ़ोतरी, पूरे देश में एकरूपता, समय पर भुगतान, सेवाओं के नियमितीकरण तथा सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने सदन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं वर्षों से गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, बच्चों तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तक पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक बाल विकास सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद उन्हें मिलने वाला मानदेय वर्तमान महंगाई के अनुरूप पर्याप्त नहीं है।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रही हैं। उनकी इस जायज मांग को लोकसभा में नियम 377 के तहत उठाकर केंद्र सरकार का ध्यान इस



ओर आकर्षित किया गया है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके मानदेय में यथोचित वृद्धि की जाए, समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

सांसद द्वारा सदन में यह मुद्दा उठाए जाने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने सांसद दामोदर अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि सरकार उनकी लंबे समय से लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

## कार व बाइक में भीषण टक्कर, एक की मौत, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** नेशनल हाईवे 758 पर रुपाहेली चौराया के पास एक कार व बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची शव को जिला चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवाया । एएसआई फूलचंद ने बताया कि गुरुवार शाम को रूपाहेली चौराहे के पास सीएनजी पेट्रोल पंप के सामने एक कार व बाइक में भीषण टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार कालू खा पिता पप्पू खा मेव उम्र 28 वर्ष निवासी श्रीपुरा, थाना बड़लियास घायल हो गया । घायल को जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई । मौत की खबर गांव पहुंची तो गांव में शौक की लहर दौड़ गई, और घर में चीख-पुकार मच गई। । शव को जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया, जहां शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम? किया जाएगा, दूसरी और पुलिस ने कार को डिटेन कर थाने में खड़ा किया ।।

### दो दिन पहले आया घर

जानकारी के अनुसार मृतक कालू खा के एक बच्चा व दो बच्चियां है, इस दर्दनाक हादसे ने तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठा दिया । वही मृतक गाड़ी चलाता है जो पिछ्ले कुछ दिनों से गाड़ी पर ही था, लेकिन मौत उसे घर खिच कर ले आई, वह गाड़ी से मंगलवार को ही घर आया था और गुरुवार को हादसे का शिकार हो गया ।।



## घर में घुसे बदमाश, महिला के कानों से खीची सोने की झुमरियां

### संघर्ष में मां-बेटा घायल, पुलिस आरोपियों की तलाश में

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

थाना क्षेत्र के सांगणी गांव में बुधवार देर रात बिजली बंद होने के दौरान ऐसी वारदात हुई, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। घर के चौक में सो रही महिला को निशाना बनाते हुए दो अज्ञात बदमाश पीछे के रास्ते घर में घुस आए और उसके दोनों कानों से करीब एक तोला सोने की झुमरियां बेरहमी से नोच लीं। विरोध करने पर महिला के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। मां की चीख सुनकर दौड़ा 15 वर्षीय बेटा बदमाशों से भिड़ गया, लेकिन दोनों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह बदमाश सीधे घर में घुसकर सो रही महिला को निशाना बना रहे हैं, उससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार सांगणी निवासी सजनी देवी गुर्जर (39) बुधवार रात बिजली बंद होने के कारण घर के चौक में सो रही थीं। इसी दौरान दो बदमाश मकान के पिछ्वाड़े बने बाड़े की ओर से घर में घुस आए। महिला गहरी नींद में थी, इसलिए बदमाश सीधे उसके पास पहुंचे और कानों से सोने की झुमरियां खींचने लगे। दर्द से महिला की नींद खुल गई और उसने विरोध किया, लेकिन बदमाशों ने बेरहमी से झुमरियां नोच लीं। इससे दोनों कान बुरी तरह फट गए और खून बहने लगा।

महिला लगातार संघर्ष करती रही तो आरोपियों ने पास पड़ा पत्थर उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया। चीख-पुकार सुनकर उसका 15 वर्षीय बेटा नवीन गुर्जर जाग गया और दौड़कर मौके पर पहुंचा। उसने भागते बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन एक आरोपी पहले से बाड़े में छिपा हुआ था। दोनों ने नवीन के साथ धक्का-मुक्की और संघर्ष किया, जिससे उसकी उंगली में चोट लग गई। इसके बाद दोनों आरोपी पीछे के रास्ते अंधेरे में फरार हो गए।



घटना के समय महिला के पति कूकाराम गुर्जर पास की खदान में चौकीदारी की ड्यूटी पर गए हुए थे। वारदात के बाद परिजन घायल मां-बेटे को तत्काल क़स्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए मामले की जांच शुरू की ।

CMYK

# फुलियाकलां पुलिस की अवैध बजरी पर कार्रवाई, 4 टन बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फुलियाकलां थाना पुलिस ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 4 टन अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस को देखकर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है तथा फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया जी गुरुवार सुबह नियमित गश्त के दौरान बीट क्षेत्र से सूचना मिली कि सांगरिया स्थित बावड़ी की पानी की टंकी के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध बजरी भरी हुई खड़ी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो चालक पुलिस को देखकर ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो चुका था।

मौके पर बिना नंबर का मैसी फर्ग्युसन डीआई ट्रैक्टर ट्रॉली सहित खड़ा मिला, जिसमें करीब 4 टन अवैध बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया और प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि फरार चालक की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है। अवैध बजरी खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# सोलर प्लांट से 5 लाख की कॉपर केबल चोरी, CCTV का DVR भी ले गए बदमाश

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

थाना क्षेत्र के आंट गांव स्थित एक निजी सोलर प्लांट में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए करीब 5 लाख रुपये मूल्य की कॉपर डीसी केबल और सीसीटीवी सिस्टम का डीवीआर चोरी कर लिया। घटना के संबंध में प्लांट प्रबंधन ने बिजौलिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस को दी गई रिपोर्ट में प्रभूलाल धाकड़ ने बताया कि 21 जुलाई की रात अज्ञात चोर सोलर प्लांट में घुस गए और प्लांट में लगी करीब 5000 मीटर लंबी कॉपर डीसी केबल काटकर चोरी कर ले गए। बदमाश वारदात के बाद पहचान छिपाने और साक्ष्य मिटाने की नीयत से सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए।



रिपोर्ट के अनुसार घटना के समय सुरक्षा गार्ड प्लांट की निगरानी करने के बाद अपने क्वार्टर में चला गया, जहां उसे नींद आ गई। सुबह गश्त के दौरान चोरी का पता चला। आसपास तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर प्लांट प्रबंधन ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

# रामदयाल महाराज की शोभायात्रा में जेब काटने वाला शातिर गिरफ्तार

## स्वागत के दौरान चार लोगों की जेब से 48 हजार रुपए पार, सीसीटीवी फुटेज से आरोपी तक पहुंची पुलिस

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीमगंज थाना पुलिस ने श्री रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी श्री 1008 रामदयाल जी महाराज की शोभायात्रा के दौरान जेब काटने की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर जेबकतरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राम सिंह (43) पुत्र गुलाब सिंह राजपूत, निवासी कनेछन कला, थाना फुलिया कला, जिला भीलवाड़ा के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 19 जुलाई को माणिक्यनगर स्थित एक कार्यालय के बाहर रामदयाल महाराज के स्वागत कार्यक्रम के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी ने कई लोगों की जेब काट ली। मामले में प्राचीर समदानी ने भीमगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, उनकी जेब से 9 हजार रुपए, प्रहलादराय समदानी से 12 हजार, मनीष समदानी से 20 हजार और मनीष कोगटा से 7 हजार रुपए चोरी हो गए। कुल 48 हजार रुपए की नकदी पार कर ली गई।

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच में जुटी हुई है ।

# बिजली ट्रिपिंग से चंबल पेयजल परियोजना प्रभावित, आज भीलवाड़ा शहर व जिले में जलापूर्ति रहेगी बाधित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

चंबल-भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के तहत गुरुवार को तिलस्वां एवं भुंजरकला पंपिंग स्टेशन पर बिजली आपूर्ति बाधित होने से जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई। इसके चलते शुक्रवार को भीलवाड़ा शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) परियोजना खंड-प्रथम के अधिशाषी अभियंता सिद्धार्थ टाक ने बताया कि एवीवीएनएल की ओर से गुरुवार सुबह 8.30 बजे से शाम 3 बजे तक तिलस्वां एवं भुंजरकला पंपिंग स्टेशन पर पावर ट्रिपिंग होने के कारण आरोली स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) को जलापूर्ति बाधित रही। इसके कारण परियोजना से जुड़े क्षेत्रों में पेयजल वितरण प्रभावित होगा। अधिशाषी अभियंता ने भीलवाड़ा शहर एवं जिले के उपभोक्ताओं से आवश्यकतानुसार पेयजल का पर्याप्त भंडारण करने तथा पानी का मितव्ययता के साथ उपयोग करने की अपील की है।

# 9 महीने से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में पुलिस की कार्रवाई, चित्तौड़गढ़ से पकड़ा गया आरोपी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**मानव तिवाड़ी।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पिछले नौ महीने से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले में अग्रिम अनुसंधान कर रही है।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया की आरोपी रोडूलाल (46) पुत्र सुल्तान बंजारा निवासी गोरधनपुरा के खिलाफ शादी का झूठा वादा कर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज है। मामला दर्ज होने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम के सहयोग से कार्रवाई की। टीम ने लगातार मुखबिर तंत्र और तकनीकी सूचना के आधार पर आरोपी की तलाश जारी रखी।

पुख्ता सूचना मिलने पर चित्तौड़गढ़ में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के जीवा का खेड़ा गांव के पास से गुजर रही मेवाड़ की गंगा बनास नदी में दिन-दहाड़े अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस ने कार्रवाई हुए चार ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया । एएसआई गोपाल सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह जीवा का खेड़ा के पास बनास नदी में दबिश दी, जहां बनास नदी में चार ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बजरी खनन करते हुए पाये गये ।



पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को डिटेन कर थाने लाकर खड़ा किया, इसकी सूचना माइनिंग विभाग को दी, पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियों में हड़कंप सा मच गया ।।

# फॉलोअप शिविर में सरकारी योजनाओं का मिला लाभ, 10 पट्टे जारी, 11 रोडवेज फ्री पास वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

राज्य सरकार के जनकल्याण शिविर अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत आरोली में फॉलोअप ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया।

शिविर में 22 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पंचायतीराज विभाग की ओर से स्वामित्व योजना से संबंधित कार्यों का निस्तारण करते हुए 10 पट्टे जारी किए गए। वहीं इंदिरा गांधी ग्रामीण एवं शहरी शौचालय योजना के तहत छह नए आवेदन तैयार किए गए। राजस्व विभाग ने शिविर के दौरान 17 नाम शुद्धिकरण, 14 नामांतरण, 23 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करने, तीन रास्ता खुलासा, दो फार्मर रजिस्ट्री तथा राजकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के एक प्रकरण सहित विभिन्न राजस्व मामलों का निस्तारण किया। अन्य विभागों ने भी प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर सुनवाई कर मौके पर समाधान किया। शिविर के दौरान पात्र



लाभार्थियों को 11 रोडवेज निःशुल्क यात्रा पास भी वितरित किए गए। ग्रामीणों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर मौके पर ही आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण-पत्रों से संबंधित कार्य पूरे कराए। शिविर का संचालन शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी अशेष शर्मा के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, अतिरिक्त विकास अधिकारी रामेश्वर बैरवा, प्रशासक ज्योति जैन, ग्राम विकास अधिकारी सचिन कुमार चौबे, गिरदावर चैनसिंह राजपूत, पटवारी चन्द्रवीर सिंह, कनिष्ठ सहायक प्रकाश मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डेढ़ करोड़ की पुलिया पर उठे गुणवत्ता के सवाल, ग्रामीणों ने जांच की मांग उठाई

## कोठारी नदी पुलिया के रिनोवेशन कार्य में अनियमितताओं का आरोप, मानसून से पहले पिलर क्षतिग्रस्त होने का दावा



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव ।** कस्बे के सालरिया मार्ग स्थित कोठारी नदी पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से चल रहे पुलिया रिनोवेशन कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए तकनीकी जांच कराने तथा अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। गुणवत्तापूर्ण गिट्टी की जगह अधिक डस्टयुक्त गिट्टी का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही पुलिया में लगाए गए पाइपों के बीच पर्याप्त दूरी नहीं रखी गई और आवश्यक संख्या में पाइप भी नहीं लगाए गए। उनका कहना है कि इससे बरसात के दौरान कम जलप्रवाह में भी पुलिया पर पानी चढ़ने की आशंका बनी रहेगी। इसके अलावा सरकार के अधिग्रहित कुएं के सामने नाला बनाए जाने से कुएं को नुकसान पहुंचने की संभावना भी जताई गई है। ग्रामीणों का यह भी दावा है कि मानसून शुरू होने से पहले ही पुलिया पर बनाए गए कुछ पिलर क्षतिग्रस्त होने लगे हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका कहना है कि समय रहते जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कंसक से संपर्क किया गया तो उन्होंने अपना तबादला होने का हवाला देते हुए मामले की जानकारी नहीं होने की बात कही।

### पूर्व सरपंच बोले तकनीकी जांच कराए सरकार

पूर्व सरपंच एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य अमरचंद गाड़री ने कहा कि यदि ग्रामीण निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं तो सरकार को निष्पक्ष तकनीकी जांच करानी चाहिए। साथ ही ठेकेदार को निर्धारित मानकों के अनुसार अधूरा कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जाने चाहिए।

# बालिका विद्यालय में छात्राओं को डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**शुभम ।** पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, आरोली में गुरुवार को महिला अधिकारिता विभाग की ओर से डिजिटल साक्षरता एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक अर्चना राव ने छात्राओं को इंटरनेट एवं सोशल मीडिया का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराध, साइबर बुलिंग तथा सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने के उपाय बताते हुए ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी।



उन्होंने छात्राओं को बताया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सखी सेंटर, महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र तथा पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की सेवाओं और महिला अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।




QUICK BITES

## एडवोकेट रेखा बनीं अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान की प्रदेश विधि सलाहकार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला के निर्देश पर महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता कंवर चौहान (बाड़मेर) ने महिला प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए एडवोकेट रेखा चौहान (गुलाबपुरा) को प्रदेश विधि सलाहकार नियुक्त किया है।

रेखा चौहान की नियुक्ति पर गुलाबपुरा एवं भीलवाड़ा क्षेत्र में समाजबंधुओं और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। चोहान वर्तमान में गुलाबपुरा न्यायालय में अपर लोक अभियोजक के रूप में सेवाएं दे रही हैं। साथ ही पिछले लगभग 15 वर्षों से अधिवक्ता के रूप में सामाजिक बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों को विधिक सहयोग प्रदान करती आ रही हैं।

## यात्रा पूरी कर लौटे श्रद्धालुओं का किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।



बाइक यात्रा के माध्यम से छोटी चारधाम की 15 दिवसीय यात्रा पूर्ण कर गुरुवार को कस्बे के रतन नाथ योगी एवं दिलीप कडेरा लौटे। उनके घर पहुंचने पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा के दौरान केदारनाथ, बद्रीनाथ, तुंगनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री सहित भागीरथी, अलकनंदा, देवप्रयाग के गंगा संगम तथा ऋषिकेश सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। दोनों श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा आध्यात्मिक अनुभूति से भरपूर रही और भगवान के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## भीलवाड़ा में बांगड़ सीमेंट का भव्य ग्राहक सम्मेलनः गृह मालिकों की शंकाओं को समाधान मिला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनित चपलोत**



बांगड़ सीमेंट द्वारा भीलवाड़ा के गृह निर्माण करवा रहे गृह मालिकों के संबध में ओम वाटिका स्थित ब्लू बेरी रिसॉर्ट में भव्य ग्राहक सम्मेलन आयोजित किया गया।कार्यक्रम में कंपनी के स्टेट हेड सेल्स दिनेश जोशी, स्टेट हेड टेक्निकल विकास चौरसिया, रीजनल हेड विनोद कुमावत सहित कंपनी के अधिकारी मुकुंद चौधरी,कमलेश जैन, विवेक मालू,सौरभ दाधीच, जितेश औदिच्य,हर्षित अजय एवं पुनीत उपस्थित रहे। इस अवसर पर भीलवाड़ा जिले के बिजनेस पार्टनर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बांगर मैग्ना एवं रूफोंन सीमेंट से घर निर्माण करने वाले एवं अन्य उत्कृष्ट निर्माण कार्य करने वाले गृह मालिकों को निर्माण से संबंधित जानकारियां साझा कि गई।

इस अवसर पर स्टेट हेड विकास चौरसिया ने बांगड़ सीमेंट की गुणवत्ता, मजबूती एवं आधुनिक तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपनी श्रेष्ठ गुणवत्ता के कारण बांगड़ सीमेंट आज घर बनाने वाले हर परिवार की पहली पसंद बनता जा रहा है।

वहीं स्टेट हेड दिनेश जोशी ने बांगड़ सीमेंट के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह राजस्थान की अपनी स्वदेशी पहचान वाला ब्रांड है, जिसने गुणवत्ता, विश्वास एवं निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है।

कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित गृह मालिकों ने बांगड़ सीमेंट के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करते हुए भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए बांगड़ सीमेंट का ही उपयोग करने का संकल्प लिया।






# भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास करेंगे राष्ट्र संत पुलकसागरजी, बोले- सिस्टम बदलने की जरूरत

## 25 जुलाई को भव्य मंगल प्रवेश, प्रतिदिन होंगे प्रवचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

**मूलचंद पेसवानी**

राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पूज्य पुलकसागरजी महाराज ने कहा कि जब तक व्यक्ति स्वयं बदलने का संकल्प नहीं करेगा, तब तक भगवान भी उसे नहीं बदल सकते। चातुर्मास का उद्देश्य आत्मपरिवर्तन, संस्कार और राष्ट्र चेतना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि समाज की समस्याओं का समाधान केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि व्यवस्था (सिस्टम) में सुधार से संभव है। गुरुवार को मंडपिया स्थित आरएसडब्ल्यूएम परिसर में पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा में पहली बार उनका चातुर्मास होगा। उन्होंने कहा कि यहां की सामाजिक समरसता और जागरूक श्रोताओं की परंपरा ने उन्हें




भीलवाड़ा आने के लिए प्रेरित किया। चातुर्मास के दौरान भारतीय संस्कृति, परिवार व्यवस्था और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर प्रवचन होंगे।

दिल्ली के छात्र आंदोलन पर उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। केवल इस्तीफे से नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार से हालात बदलेंगे। सन्यास और दीक्षा पर उन्होंने कहा कि वैराग्य की कोई निश्चित उम्र नहीं होती तथा संथारा आत्महत्या नहीं, बल्कि आध्यात्मिक साधना है।

चातुर्मास संयोजक मनीष शाह ने बताया कि 25 जुलाई को शाम 4 बजे रामधाम से पूज्य गुरुदेव का भव्य राजशाही मंगल प्रवेश होगा। शोभायात्रा में ड्रोन से पुष्पवर्षा,



नासिक का ढोल बैंड, महाकाल ताशा बैंड तथा आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। 1 अगस्त को गुरु गुणानुवाद, 2 अगस्त को मंगल कलश स्थापना तथा 15 से 30 अगस्त तक ज्ञान गंगा महोत्सव आयोजित होगा। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 8:30 से 10 बजे तक सूर्यमहल में नियमित प्रवचन होंगे।

# शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सशक्त आधारशिला : विधायक डॉ. लालाराम बैरवा

## प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय में सम्मान समारोह, वृक्षारोपण व विकास समिति की बैठक, सुरक्षा के लिए चारदीवारी ऊंची करने का निर्णय

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी**

श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा में गुरुवार को सम्मान समारोह, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं महाविद्यालय विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि शाहपुरा-बनेड़ा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार होते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह में डॉ. हरमल रेबारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्यनारायण कुमावत विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने की।

विधायक डॉ. बैरवा ने क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा, विद्युत सहित



विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों, अनुशासन, समय प्रबंधन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का आह्वान किया। वहीं डॉ. हरमल रेबारी ने महाविद्यालय से जुड़ी स्मृतियां साझा करते हुए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं महाविद्यालय परिवार ने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

इसके बाद प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय विकास समिति की बैठक हुई, जिसमें परिसर की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति ने सर्वसम्मति से महाविद्यालय की चारदीवारी तीन फीट ऊंची



करने तथा उसके ऊपर चार फीट ऊंची लोहे की ग्रिल लगाने का निर्णय लिया। साथ ही एलआईसी कार्यालय की ओर स्थित दीवार को भी चार फीट ऊंचा करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में महाविद्यालय की आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी, विकास समिति के सदस्य, अभिभावक, शिक्षाविद्, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बरसात में जानलेवा बन जाती है पलकी नदी की पुलिया, हर दिन सैकड़ों लोगों की जान जोखिम में

## अस्पताल और जागेश्वर महादेव मंदिर का प्रमुख मार्ग, 10 साल पहले स्कूल बस हादसा टला था; नई पुलिया निर्माण की उठी मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

कस्बे की पलकी नदी पर बनी वर्षों पुरानी पत्थर की पुलिया जर्जर होकर हादसों को न्योता दे रही है। केसरगंज कॉलोनी, फोरलेन बाइपास और आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाली इस पुलिया से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। बरसात के दौरान नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बहने लगता है, जिससे टूटे हुए हिस्से और गहरे गड्ढे दिखाई नहीं देते। ऐसे में दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए यह पुलिया जानलेवा साबित हो रही है। पुलिया कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पत्थर उखड़ने से बने गहरे गड्ढे बारिश के पानी में छिप जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। यह मार्ग राजकीय चिकित्सालय और जागेश्वर महादेव मंदिर जाने का प्रमुख रास्ता होने से यहां हर समय आवाजाही रहती है। इसके बावजूद वर्षों से केवल अस्थायी मरम्मत कर औपचारिकता निभाई जाती रही है और स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई।

### 10 साल पहले टला था बड़ा हादसा

स्थानीय लोगों के अनुसार करीब दस वर्ष पहले बरसात के दौरान एक निजी स्कूल बस पुलिया से फिसलकर नदी में उतर गई थी। बस में 50 से अधिक स्कूली बच्चे सवार थे। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इसके बावजूद पुलिया के पुनर्निर्माण की मांग आज तक पूरी नहीं हो सकी।



### नई पुलिया निर्माण की उठी मांग

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जर्जर पुलिया की तत्काल मरम्मत कराने के साथ-साथ स्थायी समाधान के रूप में नई एवं मजबूत पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है।

उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।



### कांग्रेस के ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष ने उठाई आवाज

कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय लुहार ने भी पलकी नदी पर नई पुलिया का निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है और बरसात के दिनों में लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सरकार व प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर नई पुलिया का निर्माण कराना चाहिए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# भीलवाड़ा में फिर गरमाया 'डॉग हाउस' विवादः 6 महीने में दोबारा जमा हुए 50-60 कुत्ते, क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन कर दी अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनित चपलोत**

भीलवाड़ा शहर के आजाद नगर स्थित एक मकान में बड़ी संख्या में कुत्ते रखे जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने घर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने आरोप लगाया कि कुत्तों के कारण क्षेत्र में गंदगी, बदबू और अन्य कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में कार्रवाई नहीं हुई तो वे मकान के बाहर धरने पर बैठेंगे।

स्थानीय निवासी किशन लाल शर्मा ने बताया कि आजाद नगर के वार्ड




संख्या 15 स्थित मकान नंबर बी-164 में एक महिला बड़ी संख्या में कुत्ते रख रही है। उनका कहना है कि करीब छह माह पहले प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए इसी मकान से 88 जीवित और 4 मृत कुत्तों को हटाया था, लेकिन अब फिर से महिला 50-60 कुत्ते लेकर आ गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। कुत्तों के कारण क्षेत्र में गंदगी फैल रही है और महिला द्वारा कुत्तों को मांस खिलाने से आसपास के इलाके में तेज दुर्गंध रहती है, जिससे लोगों का वहां खड़ा होना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे संबंधित मकान के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे।

# परमात्मा को पाना है तो हर कार्य छोड़ सबसे पहले भजन करे- आचार्य रामदयाल जी महाराज

## जीवन में सुख में इतराना नहीं ओर दुःख में धबराना नहीं चाहिए

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शास्त्र कहते है करोड़ो काम छोड़कर भजन करो पर हम भजन छोड़ करोड़ो के काम में लगे रहते है जो हमारा दुर्भाग्य ओर मानसिक दुर्बलता है। हम सोचते जब समय मिलेगा तब भजन कर लेंगे पर सबसे पहला कार्य भजन होना चाहिए। स्वामी रामचरण महाराज ने भजन का कोई समय नहीं बताया जब भी करे पुण्यदायी होता है। भजन के लिए समय की नहीं समझ की जरूरत होती है। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने गुरूवार को ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मानव शरीर मिलना परमात्मा की कृपा, संस्कार मिलना कुल की कृपा ओर जीवन में सत्संग व भजन की प्रधानता सद्गुरू की कृपा होती है। राम नाम सुमिरन करने से जन्म मरण मिट जाता है। भोजन की तरह भजन भी मस्ती व रूचि से करना चाहिए। जिस दिन जन्म होता उसी दिन मृत्यु तय हो जाती है। आचार्य ने कहा कि जीवन में सुख ओर दुःख कोई भी स्थाई नहीं है इसलिए सुख में इतराना नहीं ओर दुःख में धबराना नहीं चाहिए। मानव जीवन सीढ़ी की तरह है जिसमें भजन, उपकार व सद्कार्य करके उपर जाकर देवत्व प्राप्त कर सकते ओर प्रतिकूल कार्य राग द्वेष, ईष्या व अज्ञानजन्य स्वच्छन्दता से नीचे उतर दानत्व को प्राप्त कर सकते। मनुष्य भव ही ऐसा अवसर है जो हमे देवता व दानव दोनों बनने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति कार्य करने में स्वतंत्र पर भोगने में परतंत्र होता है। भगवान जैसा चाहता है वैसा ही होता है। मनुष्य शरीर से विकलांग हो तो चल जाएगा पर बुद्धि से विकलांग नहीं होना चाहिए। जो बुद्धि नाम ओर दाम पाने में लगाते है वह राम को पाने में लगाए तो साक्षात परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है ओर लोक व परलोक दोनों सुधर कर मानव जीवन सफल बन सकता है। आचार्य रामदयाल महाराज ने कहा कि जीवन में सलाहकारों की कमी नहीं है पर दुनिया की बजाय मन को उपदेश देने की ओर मन को वश में करने की जरूरत है। इन्द्रियों का मोह जीवन को विकृत कर देता है। भोग हम भोग लेता है लेकिन हम भोगों को नहीं भोग सकते है। जीवन में समय की घड़ी एक समान चलती है पर सुख कल्प पल की तरह बीत जाता है जबकि दुःख के पल बीतना कठिन होता है। इससे पूर्व रामस्नेही सम्प्रदाय के वरिष्ठ संत नरपत रामजी उदयपुर ने भी प्रवचन के माध्यम से धर्म संदेश प्रदान किया। प्रवचन के विश्राम पर शर्मा परिवार प्रतापगढ़ के सदस्यों द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। गीता मालानी ने भजन की प्रस्तुति दी। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास में दैनिक सत्संग का समय सुबह 9 से 10 बजे तक है। रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है। सूर्यास्त के समय संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे ओर आरती का लाभ मित्तल परिवार नीमच ने प्राप्त किया।

# प्रवासन सर्वेक्षण में सहयोग करें, जानकारी रहेगी पूरी तरह गोपनीयः जिला कलेक्टर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिलेवासियों से भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण एनएसएस के 81वें दौर के तहत संचालित प्रवासन माइग्रेशन सर्वेक्षण में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से संबंधित आंकड़े जुटाने के लिए भारत सरकार प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर सर्वेक्षण कराती है। इसी क्रम में जुलाई 2026 से जून 2027 तक जिले के चयनित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रवासन सर्वेक्षण किया जा रहा है। यह कार्य आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के अधीन जिला सांख्यिकी कार्यालय के कार्मिकों द्वारा किया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान कार्मिक परिवारों, व्यवसायों एवं अन्य आवश्यक विषयों से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी तथा उनका उपयोग केवल जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण, नीति निर्धारण एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की निजता का पूरा सम्मान और संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों, वेलफेयर सोसायटी एवं उद्यमी संगठनों से भी सर्वेक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने और सहयोग के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। जिला कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की कि जब सांख्यिकी विभाग के कार्मिक सर्वेक्षण के लिए उनके पास आएं तो उन्हें सही, पूर्ण एवं तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि विश्वसनीय आंकड़ों के आधार पर भविष्य की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# 24X7 संस्थान संचालन के नियमों की दी जानकारी, शर्तों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

## श्रम विभाग की बैठक में व्यापारियों और होटल संचालकों को बताए नए प्रावधान, महिला कर्मचारियों की सुरक्षा पर विशेष जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



उप श्रम आयुक्त शिवदयन सोलंकी की अध्यक्षता में गुरुवार को उप श्रम आयुक्त कार्यालय में राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 के तहत 24म7 संस्थान संचालन संबंधी प्रावधानों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस विभाग, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों, व्यापारिक संगठनों तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में उप श्रम आयुक्त ने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत संस्थानों को निर्धारित शर्तों की पालना के अधीन 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन संचालन की अनुमति दी गई है। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी को रोटेशन के आधार पर सप्ताह में एक दिन का सवैतनिक अवकाश देना अनिवार्य होगा। कर्मचारियों से प्रतिदिन अधिकतम 10 घंटे तथा सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे ही कार्य लिया जा सकेगा। अतिरिक्त कार्य लेने की स्थिति में उसका रिकॉर्ड संधारित करना तथा नियमानुसार ओवरटाइम का भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी को नियुक्ति पत्र जारी करना अनिवार्य है। इसकी एक प्रति संबंधित श्रम निरीक्षक को उपलब्ध करानी होगी तथा प्राप्ति रसीद नियोजक को अपने अभिलेखों में सुरक्षित रखनी होगी।

बैठक में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। रात्रिकालीन ड्यूटी से पूर्व महिला कर्मचारी की लिखित सहमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही घर से कार्यस्थल तक सुरक्षित परिवहन एवं सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना भी नियोजक की जिम्मेदारी होगी।

उप श्रम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करने पर 24म7 संचालन की अनुमति स्वतः निरस्त मानी जाएगी और संबंधित नियोजक के विरुद्ध राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 सहित अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# अग्रवाल महिला मंडल के स्नेह मिलन में खेल, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रही धूम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




अग्रवाल महिला मंडल की ओर से शहर के एक फार्म हाउस में स्नेह मिलन एवं पिकनिक का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्याओं ने खेल, अंताक्षरी, संगीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर दिनभर आनंद उठाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल की अध्यक्ष रितु नागौरी एवं सचिव अंजली हिम्मतरामका ने सदस्याओं के स्वागत के साथ किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी प्रेम, सहयोग और एकजुटता को मजबूत करने के साथ नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

आयोजन की व्यवस्थाएं अल्का अग्रवाल, गुणमाला अग्रवाल एवं अमिता लोहिया ने संभाली। इस अवसर पर पारो सर्राफ, संगीता मानसिंहका, खुशबू पोद्दार, शिवानी गुप्ता, सीमा गोयल, नीता बंसल, शशि सिंघल, करुणा रूंगटा, नीतू जालान, वंदना अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# प्रकाश चंद सैन बने श्री नारायणी सेना के भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गहलोत की सहमति से संगठन का विस्तार करते हुए सुरास (मांडल) निवासी प्रकाश चंद सैन को भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश सैन एवं प्रदेश प्रधान महासचिव राजेंद्र प्रसाद सैन (बगड़ी) की अनुशंसा पर कोर कमेटी की सहमति से किया गया।

प्रकाश चंद सैन लंबे समय से सैन समाज एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। समाज सेवा के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति पर श्री नारायणी सेना के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों, समाजबंधुओं तथा शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रकाश चंद सैन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# विद्यालय के बाहर गंदे नाले से छात्र-छात्राएं परेशान, सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**




कस्बे के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय के बाहर पंचायत प्रशासन द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले की लंबे समय से सफाई नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाले में कचरा और गंदा पानी जमा रहने से विद्यालय परिसर के आसपास दुर्गंध फैली रहती है, जिससे छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय स्टाफ भी प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पंचायत प्रशासन की ओर से नाले की नियमित सफाई नहीं कराए जाने के कारण थोड़ी सी बारिश होते ही नाले का गंदा पानी विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर फैल जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों को गंदे पानी से होकर विद्यालय में प्रवेश करना पड़ता है।

ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने पंचायत प्रशासन से नाले की नियमित सफाई कराने और जल निकासी व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

## QUICK BITES

# 101 कलशों के साथ निकली मां सरस्वती की भव्य शोभायात्रा, आज होगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**



**जसवंत पारीक।** खजीना स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में गुरुवार को मां सरस्वती प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। महोत्सव के तहत 101 कलशों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

शोभायात्रा के बाद विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। सात दंपतियों ने पूजन कर धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ किया। इसके बाद हवन सहित विभिन्न मांगलिक कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रतिमा का जलाधिवास, फलाधिवास एवं अन्नाधिवास सहित अन्य वैदिक विधियां भी शास्त्रोक्त तरीके से संपन्न कराई गईं।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य भवानी शंकर शर्मा, समस्त विद्यालय स्टाफ, ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का मुख्य आयोजन होगा।

# भडल्या नवमी पर श्रीमांगट देव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)।** क्षेत्र के गोरधा स्थित श्रीमांगट देव मंदिर में भडल्या नवमी के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। श्रीमांगट देव नवयुवक मंडल के तत्वावधान में बुधवार शाम विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु दर्शन एवं भक्ति का लाभ लेने पहुंचे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल धागे सरकार महंत चंद्र प्रकाश महाराज रहे, जबकि कांग्रेस नेता सांवर मल मीणा एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य देवेंद्र मेघवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

भजन संध्या का शुभारंभ प्रसिद्ध भजन गायिका दिव्या वैष्णव (जोधपुर) ने गणेश वंदना से किया। उन्होंने 'मेरी झोपड़ी में राम आएंगे' और 'दिलड़े का मोरया रे' सहित कई भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय भवाई नृत्य कलाकार अशोक पहाड़ियां एवं सुरेश राव ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से देर रात तक दर्शकों का मनोरंजन किया।

इस दौरान मंदिर परिसर के निर्माण कार्य के लिए चंद्र प्रकाश महाराज ने 51 हजार रुपये तथा सम्मान स्वरूप 11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। वहीं केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने भी 21 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग दिया। इसके अलावा कई श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं ने भी आयोजन में उदारतापूर्वक सहयोग किया।

कार्यक्रम में शोक्याखेड़ा, किडवा झोपड़ा, चिकल्या, टिटोड़ा माफी सहित आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन दिनेश जांगिड़ ने किया।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के लिए भीलवाड़ा में विभिन्न समितियों का गठन

## कार्यक्रम की सफल व्यवस्था के लिए अलग-अलग प्रभारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत जिले में अभियान को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों और प्रभारियों की घोषणा की गई है। अभियान संत समाज के सान्निध्य एवं वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में संचालित होगा।

आयोजन को लेकर जगतगुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज, महामंडलेश्वर जगदीश पुरी जी महाराज (शक्करगढ़), महामंडलेश्वर हंसराम जी महाराज, महामंडलेश्वर बाबू गिरि जी महाराज, महंत लक्ष्मणदास जी महाराज, जैन मुनि पुलकसागर जी महाराज, उप प्रवर्तक सुरेश मुनि जी महाराज, युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी सहित जिले के अनेक संत-महंतों का सान्निध्य प्राप्त रहेगा।

आयोजन के लिए तिलोकचंद छाबड़ा, भगवान सिंह चौहान एवं गोविंद सोडाणी को संरक्षक बनाया गया है। श्री 108 लालजी महाराज (कोटड़ी) को जिला प्रचारक संत, सुनील जागेटिया एवं विधायक अशोक कुमार कोठारी को जिला समन्वयक, नंदकिशोर साहू को संभाग प्रभारी तथा जगदीश तेली को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा गौ प्रचार, अतिथि सत्कार, गौशाला एवं गौसेवा, रैली प्रबंधन, विधिक सलाह, मातृशक्ति, भजन-सत्संग, प्रभात फेरी, समाजसेवी समन्वय, मंच एवं पांडाल, कार्यालय, जल एवं अल्पाहार, सेवा कार्य, सफाई, झांकियां, मीडिया एवं सोशल मीडिया सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग प्रभारियों एवं समितियों का गठन किया गया है।

अभियान के पदाधिकारियों ने जिले के गौभक्तों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर गौ संरक्षण एवं संवर्धन के इस जनआंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।